# अलवर में मंत्री भूपेंद्र यादव की मौजूदगी में लोगों ने योगासन किया

■ राजगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत पर सांसद संपर्क एवं प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के कार्यक्रम सहित रामकथा, प्राकृतिक निशुल्क चिकित्सा एवं योग शिविर कार्यक्रमों में की शिरकत

**अलवर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अलवर जिले में जिला मुख्यालय सहित उपखंड स्तर पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना और योगाभ्यास किया। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री व अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में 'योगा फॉर वन अर्थ वन हैल्थ' थीम पर जिला स्तरीय मुख्य आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित हुआ। इस दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से उपस्थित जनसमूह को योग के महत्व के संबंध में संबोधित किया। मंत्री भूपेंद्र यादव ने सभी को योग को जीवनशैली का अंग बनाने, नशा मुक्ति तथा जल संरक्षण का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी सचिव एवं नगरीय विकास व आवासन विभाग के प्रमुख सचिव वैभव गालरिया, जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, ब्रिगेडियर मिलन व्यास, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना, पूर्व विधायक जयराम जाटव, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, यूआईटी सचिव स्नेहल नाना धीग्दे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र नरूका, संजय नरूका, बन्नाराम मीणा, गोवर्धन सिंह सिसोदिया आदि लोग मौजूद रहे।



योग दिवस पर अलवर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना और योगाभ्यास किया।

योग केंद्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित मेगा निःशुल्क योग शिविर में पहुंचे और योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्था के संचालक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील झालानी, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक बनवारीलाल सिंघल, डॉ. के.के. गुप्ता, कवि विनीत चौहान, श्रीकृष्ण गुप्ता, विवेक प्रधान, जितेन्द्र शर्मा सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

इसके अलावा केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव राजगढ़ की ग्राम पंचायत ईशवाना में ग्राम पंचायत बबेली, सालोली व माचाड़ी तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल जामडोली में ग्राम पंचायत जामडोली, कीलपुर खेड़ा, प्रागपुर व भुलेरी के लिए आयोजित सांसद संपर्क एवं प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के कार्यक्रम में पहुंचे। वहां लोगों की समस्याओं को सुना, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे बताया।

## संक्षिप्त

### योग शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश सीकर के निर्देशानुसार व माह जून 2025 के एक्शन प्लान के अनुसार श्रीमती गीता पाठक, अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), श्रीमाधोपुर के निर्देशन मे 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग शिविर में योग प्रशिक्षक यश चौधरी व भावना चौधरी द्वारा न्यायालय परिसर में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को योग की भिन्न-भिन्न मुद्राओं का अभ्यास करवाया गया। इस वर्ष की अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम" एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग" के संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही दैनिक जीवन में योग के महत्व, उपयोगिता आदि के बारे में जानकारी दी गयी। योग दिवस पर नित्य योगाभ्यास का संकल्प भी दिलवाया गया।उक्त योगाभ्यास जागरूकता शिविर में मुख्यालय स्थित न्यायिक अधिकारीगण अनूप कुमार एसीजेएम-1, डेनिस बिश्नोई न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमाधोपुर व न्यायालय स्टॉफ उपस्थित रहें।

### कृषि महाविद्यालय झिलाय में मनाया योग दिवस

**निवाई।** कृषि महाविद्यालय झिलाय में 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अधिष्ठाता डॉ रामस्वरुप मीना ने बताया कि योग मनुष्य के मन, आत्मा और शरीर को आपस में जोडने का काम करता हैं। वर्तमान के भागदौड और तनावपूर्ण जीवन शैली में स्वस्थ जीवन यापन चुनौती पूर्ण हो गया हैं। इसलिए योग का महत्व ओर अधिक बढ जाता हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी आकाश तंवर ने अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका, कपालभांति एवं ऊज्जाई आदि प्राणायाम एवं बटरफ्लाई, वज्रासन, चक्रासन और शीर्षासन आदि आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ. आरएल मीणा, डॉ. कृष्णअवतार मीणा, डॉ. भगवानसिंह धाकड, आकाश तंवर एवं अशैक्षिणक कर्मचारी रमेश गौत्तम, सुनील वर्मा, तरुण बागडी, श्योजीलाल सैनी, पारस चन्द माली, आत्मा राम मीणा, सुनीता जाजोरिया, नेहा मौर्या, चन्द्रप्रकाश स्वर्णकार व गौरव नेमिया सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे।

### कम्युनिस्ट पार्टी का सम्मेलन आज

**बौंली- बामनवास।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शताब्दी वर्ष 1925 से 2025 के उपलक्ष में 3 वर्षीय सवाई माधोपुर जिला सम्मेलन आज रविवार को सुबह 10 बजे बजरिया के महावीर पार्क में आयोजित होगा। कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रामगोपाल गुणसारिया ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला फेडरेशन की राष्ट्रीय महासचिव निशा सिद्धू करेंगी, इस सम्मेलन में जिले के राजनीतिक हालात पर विचार विमर्श किया जाकर आगामी 3 वर्ष के लिए जिले में पार्टी के नेतृत्व का चुनाव किया जाएगा, सम्मेलन में राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि भेजने के लिए भी चुनाव होंगे।

### प्रवेश की अन्तिम तिथि 25 जून

**निवाई।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय के स्नातक में ऑन लाईन प्रवेश के लिए 25 जून तक आवेदन कर सकते है। प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर मदनमोहन महावर ने बताया कि बीएससी (गणित एवं जीव विज्ञान) एवं बी ए पार्ट प्रथम सेमेस्टर प्रथम के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून बढ़ाई गई है। विद्यार्थी मोबाइल अथवा ईमित्र से ऑनलाइन आवेदन 25 जून तक भर सकेंगे। प्राचार्य डॉ दीपकराज जैन ने बताया कि विद्यार्थियों को आवेदन ऑनलाइन या ई मित्र तथा अपने स्तर पर आवेदन भर सकते है।

### योग दिवस मनाया

**शाहपुरा ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के दिशानिर्देश पर तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम ललिता शर्मा एवं एसीजेएम प्रतिभा मोट्यार के मार्गदर्शन में न्यायिक स्टाफ एवं समस्त एडवोकेट्स ने भी विश्व योग दिवस के कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर एडीजे प्रथम ललिता शर्मा ने बताया कि योग हमारे शारीरिक विकारों को दूर करता है, एवं शरीर की मांसपेशियों में रक्त प्रवाह को संतुलित रखता है। ब्रह्म मुहूर्त में आंक्सीजन हमारे शरीर के लिए फायदेमंद है।

## टांका स्थित पंचमुखी हनुमान जी का पाटोत्सव मनाया

**फुलेरा ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम आकोदा-भैराणा मार्ग के मध्य टांका स्थित श्री दादूदयाल आश्रम परिसर में बने पंचमुखी हनुमान जी का पाटोत्सव दादूपंथी संत गोविन्द दास महाराज के सानिध्य में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए रामचरण परवाल ने बताया कि पाटोत्सव के दौरान मन्दिर परिसर की रंग-बिरंगी लाईटों व गुब्बारों से विशेष साज-सज्जा कर हनुमान मन्दिर के गृभगृह सहित परिसर में स्थित शिव पंचायत की पुष्प मालाओं से विशेष श्रृंगार कर नयनाभिराम सजावट की गई। जबकि इसके पूर्व हनुमान जी का विशेष अभिषेक करते हुए चमेली तेल से मिश्रित सिन्दूर का चौला चढ़ाया गया। इसके बाद शाम को महाआरती का आयोजन हुआ। इस दौरान उपस्थित सैकड़ों भक्तगणों को प्रसादी वितरण की गई।

## योग दिवस पर योग क्रियाओं से दिया शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश

**भरतपुर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के बंदरगाह शहर विशाखापट्टनम से वर्चुअल जुड़कर आयोजित राष्ट्रीय समारोह में कहा कि आज 11वीं बार पूरा विश्व एक साथ 21 जून को योग कर रहा है। उन्होंने कहा कि योग का सीधा अर्थ होता है जुड़ना, ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है।

उन्होंने कहा कि विश्व में योग के प्रसार के लिए भारत योग की विज्ञान को आधुनिक रिसर्च से और अधिक सशक्त कर रहा है, देश के बड़े बड़े मेडिकल संस्थान योग पर रिसर्च में जुटे हैं। योग की वैज्ञानिकता को आधुनिक चिकित्सा पद्धित में स्थान मिले ये हमारा प्रयास है।उन्होंने संबोधन करते हुए लोगों से अव्हान किया, 'आइए, हम सब मिलकर योग को एक जन आंदोलन बनाएं, एक ऐसा आंदोलन, जो विश्व को शांति, स्वास्थ्य और समरसता की ओर ले जाए, जहां हर व्यक्ति दिन की शुरुआत योग से करे और जीवन में संतुलन पाए, जहां हर समाज योग से जुड़े और तनाव से मुक्त हो। जहां योग मानवता को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम बने और जहां 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' एक वैश्विक संकल्प बन जाए ।



जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ।

## योगाभ्यास का तनाव मुक्त और निरोगी रहने का दिया संदेश

■ ब्लॉक में 5 हजार से अधिक लोगों ने किया योगाभ्यास

■ योग को लेकर सेल्फी प्वाइंट बनाया, योग के संकल्प की दिलाई शपथ

■ धार्मिक व पर्यटन स्थल के रूप में शहर के नारायण दास पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**शाहपुरा ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को शहर के नोडल केंद्र श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम सुबह 6:30 से 8:00 बजे तक आयोजित हुआ। जिसमें योग के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखा गया। धार्मिक व पर्यटन स्थल के रूप में शहर के नारायण दास पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉक्टर सत्यनारायण शर्मा व सहायक अधिकारी डॉ अजय शर्मा ने बताया कि श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में योग प्रशिक्षक आशुतोष शर्मा व पूजा जोशी ने प्रोटोकॉल के अनुसार लोगों को योगाभ्यास करकरे तनाव मुक्त और निरोग रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी ललिता शर्मा, एसडीएम संजीव कुमार खेदड, पूर्व विधायक डॉक्टर फूलचंद भिंडा, भाजपा नेता उपेंद्र यादव, नगर परिषद के आयुक्त शुभम गुप्ता,शहरी नोडल अधिकारी रूडमल कपूरिया सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में 560 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एयू बैंक की ओर से सेल्फी प्वाइंट बनाया गया जिसमें सभी लोगों ने योग के बाद अपनी सेल्फी ली। वही सभी साधकों को अल्पाहार भी कराया गया।

इसी प्रकार धार्मिक व पर्यटन स्थल के रूप में इस बार नारायण दास पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जहां योग प्रशिक्षक जितेंद्र जांगिड़ ने योगाभ्यास कराया। जहां 543 लोगों ने योगाभ्यास किया। खोरी परमानंद धाम में भी महंत हरि ओम दास जी महाराज के सानिध्य में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ।

महाराज श्री ने कहा कि निरोग रहने के लिए योग जरूरी है। नोडल केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी ललित शर्मा ने सभी को योग के संकल्प के शपथ दिलाई। वही उपखंड अधिकारी ने निर्भीक होकर मतदान करने के लिए योग के साथ वोट कार्यक्रम की शपथ दिलाई।बाद में सभी अधिकारियों में अतिथियों ने विद्यालय के खेल मैदान में पौधारोपण किया।

इसी प्रकार शहर के रजनीश हॉस्पिटल सभागार में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, रजनीश हॉस्पिटल व ब्रह्माकुमारी संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर कानन शर्मा ने ताड़ासन, कपालभाति सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉक्टर शर्मा ने बताया कि पुरे ब्लॉक में 5 हजार से अधिक लोगों ने योगाभ्यास किया।

## नगरपालिका में नहीं हुए कोई विकास के बड़े कार्य

■ भाजपा के डेढ वर्ष पूर्ण होने के बाद भी आज कांग्रेस सरकार की योजनाओं के कार्य युद्ध स्तर पर चल रहे है-प्रशांत बैरवा

**निवाई ।** स्थानीय पटेल फार्म हाउस पर शनिवार को पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा की अध्यक्षता में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई।

पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार कोई नया व बडा कार्य नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के डेढ वर्ष पूर्ण होने के बाद भी आज भी कांग्रेस सरकार की योजनाओं के कार्य युद्ध स्तर पर चल रहे है। उन्होंने बताया कि निवर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा निवाई क्षेत्र में राजकीय कन्या कॉलेज निवाई, दतवास व पीपलू, चैनपुरा व झिलाय रोड फाटक के ऑव ब्रिज, कृषि कॉलेज, आईटीआई कॉलेज सहित कई विकास कार्य आज भी संचालित है।

पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा ने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायतराज एवं निकाय के चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष एडवोकेट सतीश शर्मा ने कहा कि नगरपालिका द्वारा शहर में कोई भी विकास कार्य नहीं हुए है। विकस कार्यो के टेण्डर हुए है उनके कार्य भी शुरू नहीं हुए है। जिससे शहरवासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। कार्यक्रम का संचालन पवन सांवलिया ने किया। इस अवसर पर बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट शंकरलाल चौधरी, शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा, पीपलू अध्यक्ष जयनारायण मीणा, पूर्व शहर अध्यक्ष महावीरप्रसाद पराणा, पारस पहाडी, सीताराम शर्मा अलियाबाद, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, पप्पूलाल मीणा, प्रदीप पारीक, प्रवीण माणू, पार्षद विजय शर्मा, दुर्गालाल सैनी, राजेश चौधरी गुरूजी, शिवराज करीरिया, पुखराज गुर्जर, राजेश भटट, सियाराम शर्मा, त्रिलोकचन्द तिवाडी, रामअवतार सैनी, उम्मेदसिंह कसाणा, रामप्रसाद परिडवाल एवं रामफूल डॉक्टर सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता जन प्रतिनिधि, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य व पदाधिकारी मौजूद थे।

## 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विराटनगर व पावटा में लोगों ने किया योगाभ्यास

■ योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य और संतुलन का प्रतीक बन चुका है : कुलदीप धनकड

**पावटा ।** को 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 के अवसर पर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अन्तर्गत ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रम विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य में इंटरप्रिटिशन सेंटर बीजक रोड विराटनगर में प्रात 6:30 से 8 बजे तक किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, विभिन्न संस्थानों के सदस्यों, अधिकारी व कार्मिक एवं महिलाएं, बच्चे व आमजन ने योग का अभ्यास किया।

विधायक धनकड, विराटनगर उपखंड अधिकारी अमिता मान, तहसीलदार लालाराम यादव सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व आमजन को योग प्रशिक्षक मुन्ना लाल व उनकी टीम ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम सिखाए। इस दौरान योग के बाद विधायक कुलदीप धनकड ने संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य और संतुलन का प्रतीक बन चुका है।



योग कार्यक्रम विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य में इंटरप्रिटिशन सेंटर बीजक रोड विराटनगर में किया ।

हर साल 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर जन-जन को जोड़ने वाला पर्व बन गया है। यह भारत के उस संदेश को सशक्त करता है जिसमें 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की भावना निहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव 193 देशों के समर्थन और 173 सह-प्रायोजन के साथ 11 दिसंबर 2014 को पारित हो गया।

इसके बाद 2015 से हर साल इस दिन को दुनिया भर में योग के महापर्व के रूप में मनाया जाता है। वही बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम पावटा मंदिर प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड के मुख्य आतिथ्य एवं उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय की अध्यक्षता व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र जिन्दौलिया, तहसीलदार संजय खेदड के विशिष्ट आतिथ्य व आयुर्वेद विभाग-डॉ चंद्रहास शर्मा, डॉ नाहर मल यादव, डॉ रामकरण यादव, कंपाउंडर सुरेश सिंह, होमियोपेथी से डॉ विष्णु कुमार, डॉ लेखराज, कंपाउंडर अशोक देवंदा, यूनानी विभाग -डॉ अतारुब, कंपाउंडर सुरेश शर्मा की उपस्थिति में सरस्वती माँ के सामने दीप प्रज्वलित कर योग गुरु मदन सैनी प्रागपुरा, मनोज यादव द्वारा इस वर्ष की थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ हैं।

## 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग किया

**फुलेरा ।** कस्बे में शनिवार को प्रातः 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार फुलेरा पुलिस थाना परिसर में थानाधिकारी चन्द्र प्रकाश यादव के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने योगाभ्यास किया। वहीं माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर परिसर में शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में योगाभ्यास किया। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी मण्डल फुलेरा द्वारा हलवाई बाजार स्थित कुकू बाबा की बगीची परिसर में भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं फुलेरा पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास किया। साथ ही सभी ने एक स्वर में अपने दैनंदिनी जीवन में सपरिवार योग को अपनाने का संकल्प लिया। जानकारी के अनुसार स्थानीय पूर्व विधायक कुमावत ने इसके अलावा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलेरा सहित अन्य कई स्थानों पर भी आयोजित योग कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर सभी सहभागियों को श्रेष्ठ आयोजन के लिए धन्यवाद एवं योग दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सार-समाचार

### तन-मन को स्वस्थ रखने के लिए योग करें : अनिल गट्टानी



**सांभरझील,** (निसं)। यहां आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर (राजकीय युनानी औषधालय) में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चिकित्साधिकारी डॉक्टर फारुख खान के सानिध्य में योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार गट्टानी, विशिष्ट अतिथि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विनोद सांभरिया थे। योग कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा प्रफुल्लित मुद्रा में अनेक योगिक क्रियाएं की। इस मौके पर गट्टानी ने कहा कि योग आज की भाग दौड़ जिंदगी में स्वस्थ रहने की सबसे प्राकृतिक उपचार विधि है, बीमार होने से बचने का यह सबसे अच्छा तरीका है की सुबह शोच क्रिया से निवृत होकर आधा घंटा रोज प्राणायाम और विधि अनुसार बताई गई योगिक क्रियाएं करनी चाहिए। यदि किसी के समझ में नहीं आए तो किसी योग गुरु से प्रशिक्षण प्राप्त कर इसको जीवन में अपनाएं तो स्वास्थ्य के लिए उत्तम रहेगा। विनोद सांमरिया ने कहा कि मैं तो खुद विगत 10 साल से योग कर रहा हूं और इसी कारण से आज पूरी तरह से फिट हूं, इससे मेरा तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं, आपको भी इसे करना चाहिए। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर फारूक खान ने प्राचीन योग पद्धित पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुभकामनाएं दी तथा कार्यक्रम में शामिल होने पर अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### योग दिवस पर सब ने किया योग

**निवाई।** 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित हुआ। योग दिवस कार्यक्रम में विधायक राम सहाय वर्मा व ब्लॉक के सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान निवाई पीपलू विधायक राम सहाय वर्मा ने सभी को नशा मुक्ति व भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तय निर्वाचन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विधायक रामसहाय वर्मा ने क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर तीन छात्रों को सम्मानित किया। योग कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अनीता खटीक, तहसीलदार नरेश गुर्जर, नायब तहसीलदार बाबूलाल जांगिड़, पीएम श्री राउमावि निवाई के प्रधानाचार्य देवेंद्रपाल सिंह, निवाई थाना अधिकारी रामजीलाल, सदर थाना अधिकारी हीरालाल, कृषि उपज मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता कैसी माली, उप जिला अस्पताल प्रभारी डॉ राजेश जैन, स्काउट गाइड सचिव विष्णुकांत शर्मा, डॉ. पी एन बैरवा, पार्षद रामबिलास बधाई, ओमप्रकाश गौतम, रवि अग्रवाल, सर्वेश द्विवेदी, महेश दरगड, दक्ष प्रशिक्षक रामकिशन गुर्जर बहादुरपुरा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत रजवास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में योग शिक्षिका इंदिरा केसवानी ने योग क्रियाएं करवाई। इस मौके पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंदप्रकाश, ग्राम पंचायत प्रशासक कानाराम जाट, ग्राम विकास अधिकारी विनोद परिडवाल, कनिष्ठ सहायक नंदकिशोर बैरवा, व्याख्याता सीताराम चौधरी, किशन चौधरी, रवि वर्मा, हेमराज वर्मा, प्रियंका गुर्जर, मोहनलाल निराला, कैलाशचंद जाट, भवानीशंकर निराला आदि मौजूद थे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खणदेवत में सरपंच सीमा बैरवा व आयुर्वेद अधिकारी रविन्द्रकुमार शर्मा के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग शिविर पर दक्ष प्रशिक्षक समोदरा मीणा द्वारा लोगों को योगाभ्यास करवाया गया।

### सफाई के नाम पर लापरवाही, रसाला मोहल्ले में गंदगी से हाल बेहाल

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर शहर में एक ओर सरकार शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की लिए असंभव प्रयास कर रही हैं ताकि शहर सुन्दर और स्वस्थ रहे लेकिन नगर निगम प्रशासन इस अभियान की धज्जियां उड़ा रहा हैं. नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। मानसून की बारिश के बाद रसाला मोहल्ले में नाले और नालियों की सफाई तो की गई, लेकिन निकला हुआ कचरा सड़क पर और घरों के बाहर छोड़ दिया गया। यह कचरा एक सप्ताह से अधिक समय से वहीं पड़ा है, जिससे मच्छर और मक्खियां पनप रही हैं.जिसके चलते स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर निगम प्रशासन को इस समस्या के बारे में बताया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बारिश से पहले नाले और नालियों की सफाई नहीं कराई गई, जिससे बारिश के पानी से नाली चोक हो गई और पानी सड़कों पर जमा होने के साथ घरों में भी घुस गया। बाद में जब सफाई कराई गई, तो नाले और नालियों से निकली गंदगी को घरों के सामने सड़क पर ही छोड़ दिया गया।अब गंदगी और बदबू के कारण निकलना मुश्किल हो गया है.कॉलोनी के लोगों की स्थिति नरक जैसी हो गई है। उन्होंने कई बार नगर निगम प्रशासन को इस समस्या के बारे में अवगत कराया, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया है। नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई का कहना है कि कचरे को जल्द ही दूसरी जगह फेंका जाएगा नगर निगम की टीम में शहर में लगी हुई है।

### नाबालिग लड़के की तालाब में डूबने से मौत

**जयपुर।** चाकसू थाना इलाके में शनिवार को बहनों के साथ घर से बकरियां चराने घर से निकले एक नाबालिग लड़के की तालाब में डूबने से मौत हो गई। जानकारी में सामने आया कि तालाब के पास से निकलते समय पैर फिसलने से वह पानी से गिरकर डूब गया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। थानाधिकारी भरत लाल ने बताया कि हादसे में कोटखावदा के महाराजपुरा गांव के रहने वाले रितेश मीना (12) की मौत हो गई। वह शनिवार सुबह अपनी बहनों के साथ बकरियां चराने के लिए घर से निकला था और थाना इलाके में स्थित भैरव बाबा की तलाई के पास गया था। तालाब के पास से निकलते समय अचानक उसका पैर फिसल गया। तालाब में भरे पानी में गिरकर रितेश डूबने लगा। रितेश को डूबते देखकर बहनों से शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया। ग्रामीणों के साथ ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तालाब में डूबे रितेश के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को सीएससी चाकसू की मोर्चरी में भिजवाया।

### श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति आज

**निवाई।** झूलेलाल धर्मशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक पुष्करदास महाराज के द्वारा चल रही संगीतमय भागवत कथा में छठे दिन टोंक के तुलसीदास महाराज ने कहा कि कथा भी एक गंगा की तरह है। इसमें जो भी डुबकी लगाएंगे वो भव से पार हो जाएंगे। महाराज ने कहा कि यशोदा, नंदबाबा के घर जब परमानंद आया तो उन्होंने सब कुछ लुटाया। क्योंकि उनके घर सच्चिदानंद स्वरूप खुद ईश्वर पधारे थे। उन्होंने कहा कि सत्संग में कुछ भी मत करो तो भी फायदा है और कुसंगत में कुछ भी ना करो तो भी नुकसान है। उन्होंने बताया कि गो का मतलब इंद्रियों व वर्धन का मतलब बढना है। अंत में सभी भक्तों को 56 भोग करवाया। महिलाओं ने हाथ खड़े करके गिरिराज धारण के जयकारे लगाए। कथा में रास लीला का वर्णन किया। कथा में रूक्मणी विवाह के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। इस दौरान कृष्ण रुक्मणी की सुंदर झांकी सजाई गई। कथा में दादू दयाल गौशाला आश्रम के प्रमुख संत प्रकाशदास महाराज ने भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालु सोनू फुलवानी ने बताया कि 7 दिवसीय संगीतमय कथा की पूर्णाहुति रविवार दोपहर 3 बजे होगी।

### योग दिवस धूमधाम से मनाया

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में नोडल महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन ने प्रधानमंत्री के योग पर उद्बोधन के सीधे प्रसारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।